प्रेषक

संजीव सरन

अपर मुख्य सचिव

उ0प्र0 शासन।

सेवा में

समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव

उ0प्र0 शासन।

आई.टी. एवं इलेक्ट्रानिकस अनुभाग-2 लखनऊ दिनांक: 20 सितम्बर 2017

विषय:-विभागीय वेबसाइटों की अद्यतन स्थिति उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया

कार्यक्रम कार्यान्वयन विभाग के शासनादेश संख्या-690/31-2013-20/2012-टी0सी0 जिसके क्रम में शासनादेश संख्या-752/31-2013-20/2012-टी0सी0 दिनांक 22.04.2013 के अन्तर्गत विकास एजेण्डा के कुल 203 सूत्र निर्धारित किये गये हैं। इसमें से सूत्र संख्या 61 के अन्तर्गत विभिन्न विभागों की वेबसाइटों का नवीनीकरण किया जाना था । विकास ऐजण्डा वर्ष 2013-14 के अन्तर्गत शासन द्वारा उ0प्र0 सरकार के समस्त विभागों की वेबसाइटों के नवीनीकरण एवं रख-रखाव का निर्णय लिया गया था। इस कार्य हेतु शासनादेश संख्या-1803/7852-2013-83आई.टी./2013 दिनांक 25 नवम्बर, 2013 के माध्यम से यूपीडेस्को को नोडल एजेन्सी नामित करते हुये विभागीय वेबसाइटों के नवीनीकरण के कार्य यूपीडेस्को के सहयोग से आगामी एक वर्ष में पूर्ण कराने हेतु समस्त विभागों को निर्देशित किया गया था।

उक्त के क्रम में अवगत कराना है कि विभागीय वेबसाइट आम जनमानस हेतु अत्यन्त महत्वपूर्ण है। वेबसाइट के माध्यम से आम जनमानस को विभाग से सम्बन्धित समस्त सूचनायें सेवायें इत्यादि की जानकारी प्राप्त होती है। उपरोक्त के क्रम में यह आवश्यक है कि विभागों द्वारा वेबसाइट पर दैनिक आधार पर नवीनतम सूचनायें उपलब्ध करायी जायें जिससे प्रदेश सकरार की मंशा अनुसार आम जनमानस शासकीय योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठा सके।

विभागों द्वारा आम जनमानस को नवीनतम सूचनायें उपलब्ध कराने एवं स्टैन्डराइजेशन एण्ड इंटरऑपराबेलिटी (Standrization & Intropera billity) के दृष्टिगत निम्न बिन्दुओं पर सूचना उपलब्ध कराने का कष्ट करें:-

1. नवीनीकृत वेबसाइट में GIGW का अनुसरण किया गया है अथवा नहीं।
2. नवीनीकृत विभागीय वेबसाइट का STQC Audit कराया गया है अथवा नहीं।
3. नवीनीकृत विभागीय वेबसाइट का Gov.in Domain प्राप्त किया गया है अथवा नहीं।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि GIGW की गाइड लाइन एवं विस्तृत दिशा निर्देश बेवसाइट http:// guidelines.gov.in कृपया अपने अधीनस्त विभागों को उपरोक्तानुसार सूचना उपलब्ध करने हेतु आवश्यक निर्देश उच्च स्तर से निर्गत कराने का कष्ट करें।

भवदीय

संजीव सरन
अपर मुख्य सचिव

संख्या एवं दिनांक उपरोकतानुसार

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. स्टाफ आफिसार मुख्य सचिव उ0प्र0 शासन।
2. विशेष सचिव आई.टी. एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग अनुभाग-2 उ0प्र0 शासन।
3. राज्य समन्वयक सेण्टर फॉर ई-गवर्नेन्स उ0प्र0।
4. राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी एन.आई.सी. लखनऊ।
5. प्रबन्ध निदेशक यूपीडेस्को को इस आशय से कि वह अपने स्तर से सूचना उपलबध कराने का कष्ट करें।
6. हेड एस.ई.एम.टी. उ0प्र0।

आज्ञा से

(एम.बी. सिंह)
संयुक्त सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।